an>

Title: Regarding power shortage in several districts in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : महोदया, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। बिहार के बक्सर, भागलपुर एवं अन्य जिलों में भीषण विद्युत संकट व्याप्त है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कृपया इस प्रकार नहीं बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री अश्विनी कुमार चौबे : महोदया, पिछले 15 दिनों में बिहार में मुश्किल से चार घंटे, पांच घंटे या छः घंटे तक बिजली रह पाती है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हो सभी जगह बिजली संकट व्याप्त है। बिहार में 2600 मेगावाट की आपूर्ति होती है। विद्युत आपूर्ति के विरुद्ध मुश्किल से औसतन 1200 मेगावाट से ले कर 1600 मेगावाट ही बिजली दी जाती है। आपको यह सुन कर आश्चर्य होगा कि उस में भी जो बिजली वहां पर सी.एल.डी. से दी जाती है - पोल और तार इतने गड़बड़ हैं कि वहां तक बिजली पहुंच नहीं पाती है। देश-विदेश से लाखों काँवड़िया अजैगबीनाथ धाम से बाबा धाम की यात्रा करते हैं। वे बहुत कठिनाई में हैं। बिजली के बिना लाखों किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण से पूरा जीवन संकटमय हो गया है। मैं विद्युत मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे बिहार के इस मामले में, विशेष कर सावन के महीने में काँवड़ियों का जो शिविर चल रहा है, उसके लिए अलग से विद्युत का प्रावधान करें, ताकि वहां के जनजीवन को बचाया जा सके।